# चीनी उद्योग ने आयात शुल्क बढ़ाने की मांग की

चीनी उद्योग के संगठन इस्मा ने मंगलवार को उम्मीद व्यक्त जताई कि नई सरकार इस क्षेत्र के लिए स्थिर नीति प्रदान करेगी, जो क्षेत्र पांच करोड़ किसानों को समर्थन प्रदान करता है। संगठन ने मांग की कि चीनी के आयात शुल्क को बढ़ाकर कम से कम 40 फीसदी किया जाए। आयात शुल्क मौजूदा समय में 15 फीसदी है। देश में चीनी के अधिशेष उत्पादन को देखते हुए चीनी उद्योग चीनी की घरेलू बिक्री को बढ़ाने के लिए आयात शुल्क बढ़ाने की मांग करता रहा है। *भाषा*

Business Standard

28/5/14